JALAUN POLICE

**दिनांक – 16.04.2026**

**जनपद जालौन पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन दहन' अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थों से सम्बन्धित 26 अभियोगों में बरामद 680 किलोग्राम मादक पदार्थ (अनुमानित कीमत लगभग 04 करोड रुपये) को मान0 न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।**

पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में चलाये जा रहे "आपरेशन दहन" अभियान के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में जनपद जालौन के थानों में लम्बित मालों के निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आज दिनांक 16.04.2026 को जनपद स्तर पर गठित ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में जनपद जालौन के विभिन्न थानों के अभियोगों में बरामद 680 किलोग्राम मादक पदार्थ को राजकीय मेडिकल कालेज उरई जनपद जालौन की इन्सिनेरेटर (भट्ठी) में विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

**विनष्टीकरण किये गये मादक पदार्थों का विवरण-**

1. 680 किलोग्राम गांजा।
2. 304 ग्राम नशीला पाउडर।
3. 15.08 ग्राम स्मैक।